SHRI MANMOHAN SINGH: Madam, 3 beg to move:

That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further siums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year, 1993-94, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up the clause-by-clause consideration of the Bill.

Clause 2 *and* 3 *and the Schedule were added to the Bill.*

Clause 1. *Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI MANMOHAN SINGH: Madam, I beg to move:

That the Bill be returned.

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I must point out over here that this is for the first lime that the Rajya Sabha had the reply of the Finance Minister before he made it in the other House. We are also happy that the Finance Minister be belongs to this House. The Home Minister belongs to this House. The External Affairs Minis[J] ter. The Commerce Minister. Mr. Antony. So, I think we will have most of the replies from this House This is a very important point which I wanted to bring to the notice of the hon. Members that you have worked hard and achieved something.

विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त) : सदर साहिबा, इस हाऊस का वक्त 11 बजे करने के बजाय रोजाना 8 बजे कर दिय जाये (व्यवधान)

†[]نیتا وروڈھی دل (شری سکندر بخت) : صدر صاحبہ - اس ھاوس کا وقت ۱۱ بجے کرنے کے بجائے روزانہ ۸ بجے کر دیا جائے - (مداخلت) . . . . .]

AN HON. MEMBER; The Law Minis-ter also belongs to this House.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Of course, the Law Minis-ter, but I am talking about the Cabinet There is also Kesriji. There are so many. There is Mr. Ghulam Nabi Azad. Rajya Sabha is very very rich.

THE DEPUTY CHAIRMAN: With the happy note of our having so many Ministers from our House, may I request that we take up the Mines and Minerals (Regulation and Development) Amendment Bill, 1994 and the Statutory Resolution?

STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE MINES AND MINERALS (REGULATION AND DEVELOPMENT) AMENDMENT ORDINANCE, 1994 (Uo. 2 of 1994) PROMULGATED ON 25TH JANUARY, 1994.

AND

THE MINES AND MINERALS (REGULATION AND DEVELOPMENTQ AMENDMENT BILL, 1994.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): महोदया, मैं सरकारी सदस्यों की बात मान लेता यदि इसमें कुछ गंभीरता नहीं होती । काफी का था, रैकमेंड पहले हो गया, हमने मान लिया, लेकिन यह थोड़ी सी गंभीर बात है । इसलिय मैं मजबूर होकर आपके खाने में कुछ देरी कर दूंगा । टेक्नीकली क्योंकि हिन्दी में नहीं मिला, इसलिये अंग्रेजी में पढता हं कि :

"That this House disapproves of the Mines and Minerals (Regulation and Development Amendmerid Ordinance, 1994 (No. 2 of 1994) promulgated by the President on the 25th January, 1994."

† []Transliferation in Arabic Script.

महोदया, इस बिल में 11 संशोधन किये गये हैं।...(व्यवधान)...

उपसभापति : उन्हें रजोल्यूशन मूव करने दीजिये, उसके बाद तय कर ली जियेगा कि वह क्या करें। अभी तो यह हो जाय। (व्यवधान)...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : चलिये माफ कर दिया।

उपसभापति : कर दिया ?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : कर दिया।

उपसभापति : तो आप बैठ जाइये।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : इस बिल में 11 संशोधन किये गये हैं। 11 के 11 की मैं गिनती नहीं करूंगा। दो-तीन मुख्य हैं। पहला है कि बिना केंद्र की अनुमति के प्रदेश सरकारों को अनुमति दी जाय कि वह किसी को भी लाइसेंस लीज दे दें। दूसरा, अगर किसी ने काम आरंभ नहीं किया है तो पहले लाइसेंस लीज उसका साल भर में समाप्त हो जाता था, अब इसकी अवधि दो साल हो गयी है। ऐसे ही कुछ और छोटे-छोटे अमेंडमेंट्स हैं जिन पर मुझे कोई ऐतराज नहीं होगा। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि जो अमेंडमेंट हैं, उसमें आपने वह क्लाज हटा दी है जिस क्लास में कुछ बंधन थे कि कौन सा आदमी हिन्दुस्तान का नागरिक माना जायेगा या नहीं माना जायेगा, व्यक्ति के ऊपर आपने स्वीकार किया है कि जो यहां का नागरिक न हो वह लीज नहीं ले सकेगा। लेकिन जो व्याख्या है ...(व्यवधान)...जरा शोर न मचे तो अच्छा हो।

लेकिन जो व्याख्या है नागरिक की उसमें आपने बड़ा परिवर्तन किया है, जिससे कुछ संदेह पैदा होते हैं और उसका मेल जो आपके आब्जक्शन हैं उससे भी कहीं बैठता नहीं है। जो आपने इसमें डिलीट करने को कहा है उसका मैं यहां पर उल्लेख करूंगा। एक्सप्लेनेशन में कहा गया है कि नागरिक की व्याख्या है, नागरिक की उसमें व्याख्या की गयी है कि वह नहीं माना जायेगा—कंपनी ला के अंतर्गत—मैं अगर पूरा पढ़ूंगा तो देर लगेगी, ऐसे ही अगर कोई कंपनी है अथवा कोई संसाधन है उसकी आपने व्याख्या उड़ा दी है, इसका अर्थ यह है कि आप खुली छूट देंगे कि कोई विदेशी आकर यहां पर माइनिंग कर सकता है। इस बात पर मेरा आबजक्शन है। यदि मुझे विश्वास मिल जाय कि इसका उपयोग विदेशियों के द्वारा नहीं होगा तो शायद इससे कुछ समाधान होगा। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है—उद्देश्यों में आपने यह बात कही है और जो आपने मुख्य संशोधन किये हैं, और जिन 11 का मैंने उल्लेख किया है उसमें भी विरोध है। आपने उद्देश्यों में कहा है, मैं पूरा नहीं पढ़ता कि :

". . .to give effect to the principle enunciated in the National Mineral Policy, 1993 it was fe!t expedient to amend the Act for *inter alia* devolving more powers on the State Governments, providing greater stability of tenure in mining loases and accelerating inflow of domestic a'nd foreign capita! as also the state-of-art technology into the mineral sector."

मैं पूछना चाहूंगा कि यदि यह मान लिया जाए कि आपका उद्देश्य विदेशी पूंजी को अन्दर लाने का है तो सवाल यह है कि आपको इस आर्डिनेंस की क्या आवश्यकता थी ? आप यह कहते कि राज्यों को अधिकार दिया जाए तो 1993 में आपने यह पॉलिसी घोषित की। 1993–94 के बीच में ऐसी कौन सी घटना हो गई है जिस घटना के कारण आपको आर्डिनेंस लाना पड़ा। इसमें सन्देह होता है। कुछ समाचार पत्रों में भी छपा है। जानकारी है कि कुछ विदेशी कम्पनियों ने कनाडा से, अफ्रीका से कुछ लोगों ने उन्क्वायरी की है। तो इसमें सन्देह यह हो रहा है कि आप शायद किसी ऐसी विदेशी कम्पनीज को जल्दी-जल्दी लाइसेंस देना चाहते

हैं जो आपको एप्रोच कर रही है या कुछ ऐसी निजी देशी कम्पनियां है जो कि आपके साथ तुरंत समझौता करना चाहती है अन्यथा कौन सी आवश्यकता थी कि आप इसको आर्डिनेंस के रूप में लाते। इसलिए मुझे आपका लक्ष्य ठीक दिखाई नहीं देता है। आपका जो लिबरलाइजेशन है, सब जानते हैं आपने स्वेच्छा से नहीं किया है। हम लोग जो कम से कम भाजपा में है, हम लोग लिबरलाइजेशन के लिए पिछले 40 साल से कहते चले आए हैं। आपने आई.एम.एफ. के लोन के बाद प्रेशर के अन्दर लिबरलाइजेशन किया है तो यह सन्देह पैदा हो रहा है कि यहां जितने भी खनिज पदार्थ हैं उनकी खोज करने के लिए विदेशियों के लिए आप दरवाजे खोलना चाहते हैं। यह भी आई.एम.एफ. लोन या जो विदेशी पूंजी आ रही है, उसके कारण है। तीसरी बात, क्या आपने यह स्वीकार कर लिया है कि आज हिन्दुस्तान में ऐसी योग्यता नहीं है कि आज जो नये-नये औजार और नयी-नयी पद्धतियां हैं, उनको देख सकें। अभी बंगाल के अन्दर दुर्घटना कोयला खान में हुई है। क्या टेक्नोलोजी लाने का तरीका यह है कि विदेशी कम्पनियों के लिए आप दरवाजे खोल दें। आपने 50 प्रतिशत की बात कही है। प्रिंसिपल में माना गया है। आपने कहा कि 50 प्रतिशत से ज्यादा कोई फारेन इक्विटी नहीं होगी लेकिन यह होने के बाद भी जो आपने प्रावधान किया है, उससे लगता है कि शायद 50 प्रतिशत इक्विटी की बात व्यवहार में समाप्त हो जाएगी क्योंकि आपने किसी पर कोई रोक नहीं लगाई है। ऐसे आइटम जो केन्द्र ने अपने पास रखे हैं शायद वहां पर आप रोक लें लेकिन एक कम्पनी यहां आती है और रजिस्ट्रेशन करा लेती है फिर आपके पास उनको रोकने की कोई ताकत नहीं है। आप कहेंगे कि कंडीशन लगाई है 50 प्रतिशत की, जो पहले आपका प्रावधान था वह इससे बेटर था। उसमें आपने कम्पनी की व्याख्या की थी और जितने भी प्रावधान थे, मैं उनको दोहराना नहीं चाहता हूं लेकिन यह जो आप कह रहे हैं कि 50 प्रतिशत से ज्यादा इक्विटी नहीं कर सकते, व्यवहार में इसका उल्टा होने की संभावना है। आपके दरवाजे पूरे के पूरे खुल जाएंगे। मेरा मुख्य उद्देश्य ओब्जेक्शन का यही है कि आपने दरवाजे क्यों खोले हैं, अगर खोले हैं तो आपको आर्डिनेंस की आवश्यकता क्या थी ? आप साल भर तक क्यों बैठे रहे ? यदि आप इसका जवाब दे दें तो मैं विचार कर सकता हूं अपने प्रस्ताव पर अन्यथा यह खतरनाक चीज है। इसलिए मैंने इसका विरोध किया है। मैं समझता हूं, जो सरकारी सदस्य है मैं उनसे भी अनुरोध करूंगा कि लिबरलाइजेशन की पॉलिसी आपने स्वीकार की है, बहुत अच्छा किया है लेकिन क्या हर चीज को आप खोल देंगे ? आपने जो सेंट्रल लिस्ट में कुछ चीजें रखी हैं जिसमें खास तौर से ऐसे पदार्थ हैं जैसे यूरेनियम आदि है, कल अगर आपके ऊपर प्रेशर पड़ जाए तो क्या आप इसे भी खोल देंगे ? मुझे डर यह लग रहा है कि आप खोल देंगे। जगह-जगह से समाचार आते रहे हैं, बाहर से भी समाचार आते रहे हैं कि यूरेनियम चोरी हो कर खरीदते जा रहे हैं, यदि ऐसा हो गया तो क्या यह चोरी और नहीं बढ़ेगी ? मैं आपका धन्यवाद करता हूं (व्यवधान) आप ताली बजा रहे है। या अपना मज़ाक उड़ा रहे हैं या समर्थन कर रहे हैं इसके अलावा दूसरी कोई बात नहीं है। अगर अपना मज़ाक उड़ाएं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है और अगर समर्थन कर रहे हैं तो भी मुझे कोई आपत्ति नहीं है। लिहाज़ा मैं आप लोगों से निवेदन करूंगा कम से कम इस क्षेत्र में आप खुली छूट न दें। यह मेरा एतराज है। जब आप जवाब देंगे, यदि मैं उससे संतुष्ट नहीं हूंगा तो जवाब देने की कोशिश करूंगा।

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : उपसभापति महोदया, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

"खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 का और

संशोधन करने वाले विधेयक पर, जिस रूप में वह लोक सभा द्वारा पारित किया गया है, विचार किए जाए ।"

महोदया, जैसा कि माननीय सदस्य जानते हैं कि यह अधिनियम देश में उपलब्ध खनिजों के विकास के लिए कानूनी ढांचे को निर्धारित करता है । मूल अधिनियम के कुछ उपबंधों की उपयोगिता समाप्त हो जाने और बदले हुए आर्थिक परिदृश्य में यह जरूरी हो गया है कि भारतीय खनिज उद्योग मजबूत बना रहे ताकि विदेशों एवं धातु उद्योगों से उत्पन्न प्रतिस्पर्धा को चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया जा सके । इसके लिए यह आवश्यक है कि इस क्षेत्र में आधुनिक तकनीक लाई जाए और पूंजी निवेश किया जाए ।

खनिज विकास की गति में तेजी लाने के लिए भी यह आवश्यक है कि राज्य सरकारों को और अधिक अधिकार दिए जायें ताकि जहां तक संभव हो सके इस बारे में अंतिम निर्णय राज्य स्तर पर ही ले लिया जाया करे । इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम के वर्तमान उपबंधों की समीक्षा की गई और उसके कुछ उपबंधों में संशोधन प्रस्तावित है जो इस बिल के माध्यम से सदन के सामने विचारार्थ रखे जा रहे हैं ।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कि खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 में इन संशोधनों को लागू करने में विलम्ब, देश के खनिज विकास के मार्ग में रुकावट बन रहा था, अतः प्रस्तावित संशोधनों को तत्काल लागू करना जरूरी हो गया था । चूंकि, संसद के दोनों सदन लोक सभा और राज्य सभा का सत्र नहीं चल रहा था इसलिए राष्ट्रपति जी ने 25-1-94 को खान और खनिज (विनियमन और विकास) संशोधन अध्यादेश 1994, (1994 का नवम्बर 2) जारी किया । वर्तमान खान और खनिज (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक उस अध्यादेश का स्थान ले लेगा ।

विधेयक द्वारा अधिनियम के प्रथम अनुसूची में अब तक शामिल 15 खनिजों को हटाया तथा पूर्वेक्षण लाइसेंस व खनन पट्टा स्वीकृत करने हेतु राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता को समाप्त किया जा रहा है । अभी तक हटाए गए खनिजों में ऐपेटाइट तथा फास्फेटिक अयस्क, बैराइट्स, डोलोमाइट, जिप्सम, कायनाइट, मैग्नेसाइट, ... (व्यवधान)

उपसभापति : इस पर डिसकशन नहीं होगा । ऐसा है मंत्री जी कि ..(व्यवधान) आपने मूव किया है, मैं आपसे यह बात कहना चाहूंगी कि जो कुछ सवाल माथुर साहब ने उठाए हैं, आप मव कर दीजिए उसके बाद अगर आप जवाब देना चाहें--क्योंकि कमला सिन्हा जी को भी कुछ प्रश्न पूछने हैं..(व्यवधान)

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रदेश) : उन्होंने दरवाजा खोलने के बारे में कहा। उनका दरवाजा कब तक खुलेगा ... (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : किसी ने प्रवेश नहीं किया है अभी तक ...(व्यवधान)

उपसभापति : आप क्वेश्चन मूव कर दीजिए ।

खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (**श्री बलराम सिंह यादव**) : तो मेरा अनुरोध है कि इस विधेयक पर विचार किया जाये

The questions were proposed.

उपसभापति : कमला सिन्हा जी । अच्छा, आपको भी बोलना है । आपका नाम नहीं है मेरे पास ... (व्यवधान)

श्री अन्नतराय देवशंकर दवे (गुजरात) मैं दो तीन मिनट लूंगा ..(व्यवधान)

उपसभापति : मेरी टेबुल पर नहीं है। मैं अभी उनकी रिकग्नाइज कर रही हूं। आप बोल दीजिए कमला सिन्हा जी आप बाद में बोल दीजिएगा । इसमें तकलीफ नहीं है । कागज में नहीं है तो नहीं सही (व्यवधान) एक मिनट में बोल दें ।

श्री अनन्तराय देवशंकर युवे : उपसभापति महोदया, मैं ज्यादा बक्त नहीं लूंगा ।

अभी यहां मंत्री महोदय पढ़ रहे थे और माथुर जी ने भी कई सावल उठाए । मैं इस बिल का सम्पूर्णतः विरोध कर रहा हूं ...(व्यवधान) विरोध, बिल्कुल, क्योंकि जो आपके स्टेटमेंट्स और आब्जेक्ट्स में बताया है और आप पढ़ भी रहे थे अभी कुछ, कि नेशनल मिनरल पालिसी के मुताबिक आपने यह बिल बनाया है । मेरे पास अभी नेशनल मिनरल पालिसी भी है । मैं उसमें से कई बातें आपको पढ़कर दिखाऊंगा । उनमें से एक भी चीज आपने इस बिल में नहीं ली । कहीं-कहीं, कोई-कोई चीज भी है, लेकिन जो प्रोविजन आपने नेशनल मिनरल पालिसी में की है उसमें से कोई भी नहीं लिया है, क्योंकि मेरा ऐसा अनुभव रहा है , मैं जानता भी हूं कि जहां तक कोई भी देश को तरक्की करनी होगी तो उसके भूतल में जो मिनरलज पड़े हैं उनका एक्सप्लोयटेशन हमको करना पड़ेगा लेकिन आपने जब यह बिल बनाया आप यह अमेंडमेंट यहां लेकर आए हैं तो मेरा सवाल आपसे यह है कि आपने कोई टेक्नीकल रिसर्च के बारे में कोई प्रावधान इसमें नहीं किया है यानी आपने जो मिनरल पालिसी बनाई है उसमें आपने यह बात कही है :

"To ensure establishment of appropriate educational and training facilities for human resources and development to meet the manpower requirement of industry."

आपने कोई प्रावधान इसमें नहीं किया है, ऐसी कहीं कोई बात नहीं है । जो आपने मिनरल पालिसी में यह बताई है 1993 की मिनरल पालिसी में, कोई भी बात नहीं है । एक गंभीर बात की ओर मैं आपका ध्यान खींचना चाहता हूं और जो बात आपने अपनी पालिसी में की है, जो 7.12 पैरा है उसे मैं उद्धृत करता हूं :

"Small and isolated deposits of minerals are scattered all over the country. These often lend themselves to economic exploitation through small scale mining. With modest demand on capital expenditure and short lead-time, they also provide employment opportunities for the local population."

पर जो रैलैवेंट पैरा है वह यह है... (व्यवधान) चूंकि जो मिनरल्ज डिपाजिट हैं वे देश के बीच के भाग में हैं, बिहार में है, गुजरात में है, राजस्थान में है और वह भी वार्डर एरिया पर है और जहां पर जंगलों में आदिवासी गरीब लोग रहते हैं वहां पर है । लेकिन आपने जो पालिसी में जो कुछ सब कुछ कहा है कि हम गरीब लोगों के लिए शैडयूल्ड कास्ट्स के लिए, शैडयूल्ड ट्राइब्ज के लिए कोई न कोई प्रावधान करेंगे आपकी पालिसी में है, लेकिन जब आप बिल ले करके यहां आए हैं तो एक भी प्रावधान आपने इस बिल में नहीं रखा है । शैड्यूल्ड कास्ट्स के लिए भी नहीं रखा है और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के लिए भी आपने कोई प्रावधान नहीं किया है ।

मैं एक बात और भी कहना चाहता हूं कि आपको इतनी जल्दी क्या है, जब आप नया अमेंडमेंट ले करके आए हैं, 1993 में आपने मिनरल पालिसी बनाई हैं, जब आपने नई मिनरल पालिसी बनाई है और नई मिनरल पालिसी में आपने जो कुछ बातें कहीं हैं, तो आपको यह सब बातें नए अमेंडमेंट बिल में लानी चाहिएं, यह आपने नहीं किया है । लेकिन दो-तीन बातें ही आपने कहीं । जो थोड़े कुछ पावर्ज स्टेट गवर्नमेंट के पास थे वे पावर्स भी आपने ले लिए सेंन्ट्रल गवर्नमेंट के हाथ में सब ये वीटो पावर्ज आ गए । आपने एक बात यह भी बताई कि जो जब सैन्ट्रल गवर्नमेंट के ऊपर कोई सुनवाई नहीं रहेगी उनका डिसिजन फाइनल रहेगा तो मैं कहना चाहता हूं कि हम डैमोक्रेटिक कंट्री में रहते हैं, हमने डैमोक्रेटिक पद्धति अपनाई है तो कोर्ट का भी माध्यम उसमें रखें । आखिरी सुनवाई कोर्ट में होनी चाहिए । यह भी आपने निकाल दिया है और एक बात मैं जो कहना चाहता हूं कि माथुर जी ने कहा कि परदेशियों

के लिए आपने बिल्कुल दरवाजा खुला कर दिया । परदेश के सब लोग यहां आयेंगे। पूरा जो बड़ी-बड़ी खान हैं वह उनके कंट्रक्ट उनके पास रहेंगे और फिर मजदूरों का शोषण होगा । उसमें जो पालिसी में बताया कि मजदूरों की सेफ्टी के लिए हम कोई प्रावधान करेंगे आपने यह बिल में कोई प्रावधान नहीं किया । जब फारेनर्ज यहां आ २ हैं वह खान के पट्टे देंगे तो मजदूरों की सेफ्टी के लिए कुछ बातें तो करनी चाहिए । मेरा सुझाव है और अभी भी मैं आपको कहता हूं यह बिल आप वापस ले लीजिए, पूरा कप्रीयेसिव बिल ले करके आइए । आपने 1993 की पालिसी में जो बातें कही हैं सेफ्टी के लिए कहीं हैं, मजदूरों के लिए कही हैं, शैडयूल्ड कास्ट्स और शैकयूल्ड ट्राइबस के लिए कही हैं। और सांइटिफिक रिसर्च के लिए कोई प्रावधान नहीं है । सिर्फ दो-तीन छोटे-छोटे प्रावधानों को लेकर आप यहां आए हैं, इसलिए मैं मेरी पार्टी की ओर से इस बिल का सपूर्ण विरोध करता हू ।

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार) : मैडम, सरकार द्वारा लाए गए इस माइस एड मिनरल्स रेगुलेशन एड डवलपमेंट अमेंडमेंट बिल, 1994 का मैं विरोध करती हू ।

महोदय, मुझे विरोध करने में कोई विशेष आनन्द नहीं है, लेकिन सरकार का जो रवैया है उसके अनुसार पिछले साल सरकार ने इस विधेयक में थोड़ा-सा सांशोधन लाया था और यह संशोधन था कि कोयला लोहा, और इस तरह की खदानों को निजी उद्योगपति को दे दिया जाएगा । अगर वह पावर सैक्टर के लिए यहां आयेंगे तो यहां कैप्टिव उनको दे दिया जाएगा । उसके बाद यह फिर ला रहे हैं और इसका उद्देश्य है कि जो कुछ प्रतिबध था, उसको हटाकर विदेशी उश्रोगपतियों को पट्टे पर दिया जा सके, इसके लिए बुला रहे हैं। महोदया, उन्हें सफाई से बात करनी चाहिए । क्यों ये टुकडों-टुकडों में अमेंडमेंट लाते हैं ? एक कांप्रेहैसिव बिल लाए और हाउस को कांफिडेंस में लें कि चाहते क्या हैं और इसका मतलब क्या होगा, नतीजा क्या निकालना चाहते हैं, यह उन्हें कहना चाहिए । अगर वे चाहते हैं कि पूंजीपति आए और हमारे देश का उद्धार कर दें तो यह बात साफ-साफ कहनी चाहिए ।

We should be taken into confiden:.

लेकिन यह मंत्री जी नहीं कर रहे हैं ।

महोदया, मैं बहुत लंबी-चौडी बात नहीं करना चाहती, लेकिन बिहार के संबंध में दो-चार बातें कहना चाहूंगी क्योंकि बिहार एक मिनरल प्रोड्यूसिंग स्टेट है । हमारे प्रांत में 14 मिनरल्स हैं जो कि गवर्नमेंट लिस्ट में हैं । अब गवर्नमेंट की अनुसूची–1 जो है, उसमें कुछ के बारे में लिखा हुआ है, मैं उनके नाम पढकर सदन का अधिक समय नहीं लेना चाहती लेकिन इस फर्स्ट शेड्यूल में जिनका नाम है, उसके पार्ट-सी में भी कुछ मैंटेलिक और नांन-मैंटेलिक मिनिरल्स का नाम है । तो बिहार में जो मिनरल्स हैं , उसमें ज्यादातर के नाम फर्स्ट शेडयूल्स में नही हैं, लेकिन बिहार को उसके बदले जो कुल लाभ मिलना चाहिए, वह नहीं मिलता है । कोयले की रॉयल्टी नहीं मिलती है; वजन के हिसाब से रॉयलटी तय होती है। हम यह डिमांड कर रहैं कि उसकी वैल्यू एडेड प्राइस हो क्योंकि चीजों के दाम बढते जा रहे हैं । रॉ-मैंटेरियल मिनिरल्स के दाम बढ रहे हैं, लेकिन वह हमें तोल के हिसाब से देगें । यह बद होना चाहिए ।

महोदया, दूसरी बात यह है कि बिहार प्रांत की सूची में जो मिनरल्स हैं, उसमें सरकार से अनुमोदन लेना पड़ता है और यह अनुमोदन लेने के लिए जब दरख्वास्त दी जाती है तो 8–10 महीने और कभी-कभी सालभर बैठे रहते हैं । नतीजा यह होता है कि बिहार सरकार कुछ काम नहीं कर पाती है । तो मैं यह कहना चाहूंगी कि जैसे इसमें लाइम-स्टोन है; बाक्साइट है, आयरन ओर है, कोल है; और कांपर ओर है,–इन सब में हमेंबत कठिनाई होती है । बिहार और जो अन्य

खनिज उत्पाद प्रांत हैं, उनको बहुत कठिनाई होती है । इसलिए इन सब की अनुसूची-1 के बाहर कर देना चाहिए । यह भारत सरकार के कंट्रोल के बाहर ही जायें और प्रांत की सरकार अपने विवेक से जिसको पट्टा देना हो दे, जिनको पट्टा हीं देना हो तो न दे । महोदया, यह भी एक कारण है जिसकी वजह से म इस बिल का विरोध कर रही हूं क्योंकि जब तक यह भारत सरकार के अधीन रहेगा, भारत सरकार समय-समय पर अनुमोदन करेगी तब-तब प्रांतीय सरकारों को परेशानी झेलनी पड़ेगी । इसलिए प्रांतीय सरकारों को इसकी अनुमति दी जाए और इन सभी खनिजों को अनुसूची–1 से हटा दिया जाए क्योंकि इसमें कोई औचित्य नहीं है । एक तरफ तो आप उदारीकरण की नीति चला रहे हैं, लिबर्लायजेशन की पालिसी चला रहे हैं और बाहर की दुनिया के लिए आप बड़े लिबर्लाइज हैं, लेकिन अपने ही देश के अंदर जो खनिज उत्पादक प्रांत हैं, उनके लिए आपकी उदारता कहां चली गयी है ? आप उनके लिए भी उदार बनें ।

तो सही सब मुझे कहना था और मैं चाहती हूं कि तत्काल इन कामों को किया जाए और विदेशी पूंजीपतियों को अपने खनिजों का मालिक बनने न दिया जाए क्योंकि उससे भारत पर खतरा मंडराएग। इसलिए इन सब बातों को लेकर मैं इस बिल का विरोध करती हूं ।

SHRI S VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Madam Deputy Chairperson, I agree with some of the provisions of the Bill but at the same time, I disagree with the other provisions of the Bill. This Ordinance was issued on 25th January, 1994. When everybody knew that the session was going to commence, this Ordinance was not at all necessary. Even though we were pointing it out, the Government was repeating the same mistake every, time. They were doing it. in such a routine way. In the-statement explaining the reasons for promulgating this Ordinance what.'they have stated :

"In the meantime, investments in captive coal mines for thermal power plants and other minerals were getting affected for want of amendment in the Mines and Minerals (Regulation and (Development) Act 1957."

This is the reason that they gave. There are two policy statements, one in 1990 and another in 1993. In 1990 the Gov-ernimnt enumerated four or five policies. *(Interruptions)*.. .In the 1990 policy the things enumerated are mineral exploration, development of mineral resources, promotion of research and development, preservation of environment and safety of mining workers. Importance is given to these things. Apart from that, in the 1996 policy, foreign technology and foreign participation in mining operations are given importance. But in the 1993 policy they have totally differed from this. They have not given importance to foreign! technology and foreign participation in the mining operation. But they have given! importance to equity investment. They want to see that it is implemented and they brought forth this amendment. I quote from the statement:

"To give effect to the National Minerals Policy it became necessary to amend the Mines and Minerals (Regulation and Development) Alt to devolve more powers to the State Govern-ments.

I do agree with this. It continues:

"... provide greater stability of tenure in mining leases,..."

Why ? How ? They are going to provide stability by extending the lease *peiod,* that is, the prospecting licence period. They are giving more time They art giving extended time. Previously micai was given only one year. Suppose the Government takes' one more' year to ad it will be over within two years Now, it has. been given five years' tune that lis prospecting licence. Now, they have ex-

tended the mining lease period from 20 years to 30 years instead of making it between 10 years and 20 years. It means more or less you have bowed to the pressure exerted by the foreign capitalists. Mahatma Gandhi went to London to par-dpat© in the Round Tabe Conference to dee that the British people were sent back lteck, stock and barrel. Now, our Primel Minister has gone to London to invite those people to come back to India'. This is nothing but an invitation to establish another East India Company. They have already tried to privatise the na-tionalised banks, they have already tried to privatise the Oil and Natural Gas Commission, the yhave already tried to privatise each and everything at their command. This is also one of their game plans. I support the decentralisation part and I stoutly oppose the other parts of the BiBll.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Man-triji, the Members have made very relevant points. I have gone through the Bill myself. They are very important. The minerals included atomic energy, etc. Please reply to all the points mentioned here. Mr Mathur has stated a few points. *(Interruptions)*...

आपसे पूछंगे, माथुर साहब ?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जी, मुझे पूछना है।

उपसभापति : आप बाद में पूछ लीजिएगा, उन्हें जवाब तो देने दीजिए, आपकी बातों का।

Let him first answer. Don't disturb him. Mr. Minister, you answer all the points which the Members have raised.

विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त) : सदर साहिबा, मैं यह अर्ज करना चाह रहा था कि शायद मिनिस्टर साहब के जी में जवाब देने की जरूरत ही न हो, वे बिल वापिस ले रहें हों ।

†[نوتا وروديهي دل (شري سكندر بخت) : صدر صاحبه- ميں يه عرض كرنا چاهتا هوں كه شايد منسٹر صاحب كے جي ميں جواب دينے كي ضرورت هي نه هو- وه بل واپس لے رهے هيں -]

उपसभापति : प्वाइंटिड जवाब दे दीजिये, जो सवाल उठाये गये हैं, उनका।

श्री बलराम सिंह यादव : उपसभापति महोदया, आज इस बिल के डिस्कशन में माननीय सदस्यों ने जो सुझाव दिये हैं, वे मैंने नोट किये हैं और मैं समझता हूं कि कोई बहुत कंट्रोवर्शियल बातें आज यहां नहीं उठाई गई हैं। एक-दो मुद्दे मामूली तौर पर उठे हैं। माननीय माथुर साहब ने एक प्रश्न यह उठाया है कि एक वर्ष पहले राष्ट्रीय खनिज नीति की घोषणा की गई थी और एक वर्ष बाद यह क्या आवश्यकता थी कि यह अध्यादेश सरकार को लाना पड़ा ? महोदया, इस संबंध में मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि राष्ट्रीय खनिज नीति की घोषणा के बाद चूंकि एक्ट में अमेंडमेंट करना था और यह एक बहुत महत्वपूर्ण एक्ट है, इस देश के मिनरल वैल्थ के विकास से संबंधित एक महत्वपूर्ण एक्ट है यह और परम्परा भी है कि तमाम राज्य सरकारों से इस संबंध में राय ली जाती है, एक्ट में अमेंडमेंट करने से पहले और जितने भी संबंधित विभाग या मंत्रालय होते हैं, उन सबसे राय ली जाती है। इसके अलावा आपको मालूम है कि यह मामला मिनिस्ट्री आफ लॉ में जाता है और मिनिस्ट्री आफ लॉ उसको बहुत गहराई से देखती है। इसलिए यह स्वाभाविक था कि इसमें समय लगा। महोदया, जो माननीय सदस्यों का यह कहना था कि कुछ विदेशी कम्पनियों के लिए या कुछ खास परटिकुलर इण्डस्ट्रिलिस्ट में कुछ रुचि किसी की है, इस वजह से जल्दी-जल्दी में इस अध्यादेश को लाया गया है, ऐसी बात नहीं है।

† []Transliteration in Arabic Script.

सरकार ने शुरू से यह प्रयास किया कि एम०एम०आर०डी० एक्ट में संशोधन जल्दी से जल्दी हो जाए, लेकिन ये कारण, जो मैंने आपको मेंशन किए हैं, ये अपरिहार्य कारण थे। जब तक हमको सारी स्टेट गवर्नमेन्ट्स से रिपोर्ट न मिल जाती, स्टेट गवर्नमेंट की या केन्द्रीय मंत्रालय की राय न मिल जाती और जो ला मिनिस्ट्री है, उसमें भी टाइम लगा है, तो जो टाइम लगा है, उसकी वजह से इसमें डिले हुआ है और दूसरी और चूंकि नीति घोषित हो गयी थी एक वर्ष पहले और विश्व के तमाम देश, जो आज संशोधन इसमें ला रहे हैं उनकी प्रतिक्षा कर रहे थे। जो हमने अपनी नेशनल मिनरल पालिसी को बदला है, उसका मुख्य कारण यह है कि आज दुनिया के अन्दर जो आर्थिक परिवर्तन हो रहे हैं, हमें अपने मिनरल उद्योग को भी दुनिया के उन देशों के सामने खड़ा करना है, हमें उनके सामने एक कम्पीटीटिवनैस में आना है, इसलिए दुनिया के तमाम देश, जब उनको मालूम हुआ, जो खनिज में रुचि रखते हैं और भारत के साथ ज्वाइंट वेंचर में आना चाहते हैं, भारत के साथ अपने देश में ज्वाइंट वेंचर को स्थापित कराना चाहते हैं, भारत के साथ मिलकर तीसरे देश में ज्वाइंट वेंचर में आना चाहते हैं, मसलन आस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड, फ्रांस, कनाडा, ये तमाम देश रूचि रखते हैं, . . . (व्यवधान) . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is a very serious subject The atomic minerals are included in it. We have to think about the safety and security of very rare minerals. Let him speak.

श्री बलराम सिंह यादव : तो मैं आपसे निवेदन कर रहा था कि हमारे पास अथाह सम्पदा है। महोदया, बहुत से मिनरल्स ऐसे हैं जो कि हमारे देश में बहुत बड़ी तादात में पाए जाते हैं मसलन, कॉपर को आप ले लें। हमारे देश के अंदर कॉपर बहुत बड़ी तादात में और विशाल एरिया में एरिया जाता है।

श्री एस० एस० अहलुवालिया : (बिहार): मैडम, सारे मिनरल्स इन्होंने अंगूठी में पहन लिए हैं।

श्री बलराम सिंह यादव : और उसके साथ ही साथ गोल्ड जिसमें महिलाओं की विशेष रुचि होती है, महोदया, यह हमारे देश के काफी बड़े एरिया में पाया जाता है। लेकिन समस्या यह है कि यह हमारे देश के अंदर गोल्ड ओर में केवल दो-ढाई परसेंट ही पाया जाता है जबकि वह 4–5 या साढ़े चार, साढ़े पांच प्रतिशत तक पाया जाए तभी उसमें वायबिलिटी आ सकती है। तो आज अगर हमारे देश को कोई गोल्ड की टैक्नोलोजी दे सकता है, वह इंवेस्ट कर सकता है और मल्टी नेशनल कम्पनीज अगर टैक्नोलोजी के साथ, इवेस्टमेंट के साथ आ सकती हैं तो हम उसका स्वागत करें। इसलिए स्वागत करेंगे कि जहां हमको कुछ नहीं मिल रहा हैं वहां हमको न कुछ तो मिलेगा। जहां तक कॉपर का सावल है, इस देश के अंदर हमारी जरूरत का केवल एक तिहाई पैदा होता है। कॉपर एक बहुत इम्पोर्टेंट मैटल है, बहुत इम्पोर्टेंट धातु है। महोदया, आज कॉपर हमको विदेशों से इम्पोर्ट करना पड़ता है। तो अगर हमको टैक्नोलोजी मिलती है, आज हमारा जो कॉपर कन्टेंट है, कॉपर ओर के अंदर एक परसेंट है।

श्री एस० एस० अहलुवालिया : मैडम, समुद्र में जो पोलि मैटेलिक नोडल्स हैं, इस बिल के तहत क्या उसकी भी माईनिंग कराने का कुछ प्रावधान रखेंगे ?

उपसभापति : वह ओसन डवलपमेंट में आता है।

डा० नौनिहाल सिंह (उत्तर प्रदेश) : समुद्र में भी गोल्ड है । क्या उसके बारे में भी इन्होंने कुछ सोचा है ?

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे : मैडम, मैं कह रहा हूं कि कम्प्रेहेंसिव बिल लाइए अपनी सारी मिनरल्स पोलिसी के मुताल्लिक ।

उपसभापति : उनको बोलने दीजिए, बात पूरी कर लेने दीजिए ।

श्री बलराम सिंह यादव : कॉपर हमारे देश के लिए बहुत आवश्यक मैटल है और वह कॉपर ओर में एक परसेंट निकलता है, जबकि दुनिया के उन देशों में जहां कॉपर पैदा होता है उनमें एवरेज कॉपर तीन परसेंट है । हमारे यहां वॉयबिलिटी नहीं है । हमारे यहां जो उत्पादन होता है वह महंगा पड़ता है और दूसरे जो तांबा उत्पादन करने वाले देश हैं, वहां सस्ता पड़ता है । तो हमको अपनी जरूरत के लिए दो हिस्से तांबा दूसरे देशों से इपोर्ट करना पड़ता है । तांबे के मामले में आज आस्ट्रेलिया इंटरेस्टेड है । वह हमारे देश के अंदर टैक्नोलोजी ला सकता है, इंवेस्टमेंट ला सकता है । इससे तांबे का उत्पादन बढ सकता है, हमारी फॉरेन एसक्चेंज भी बच सकती है। तो इसलिए यह आवश्यक है कि जितना जल्दी से जल्दी हो सके हम नई टैक्नोलोजी लायें, हम जोइंट वेंचर में अपने देश में दूसरी कम्पनियों को ला सकें और दूसरी सबसे बड़ी जो जरूरत है, महोदया, वह आज यह है कि अगर हम ऐसा नहीं करते हैं तो आज दुनियां में हमारे वित्त मंत्री श्री मनमोहन सिंह जी जो यहां बैठे हुए हैं और जो हमारे प्रधान मंत्री श्री नरसिंह राव जी हैं, वे जो आर्थिक नीतियों में परिवर्तन लाए हैं उसकी पुरे विश्व में प्रशंसा हो रही है । कल ही हमसे आस्ट्रेलिया के अम्बेस्डर मिलने आए थे । उन्होंने हमारी आर्थिक नीतियों में जो परिवर्तन लाया गया है, एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाया गया है, उसके बारे में उन्होंने स्वतः ही तारीफ करना शुरू कर दिया प्रधान मंत्री जी की और श्री मनमोहन सिंह जी की। तो सवाल इस बात का है कि इस मुल्क में जो खनिज हैं, खनिज उद्योग हैं उसके विकास के लिए यह अमेंडमेंट लाया गया है, यह परिवर्तन लाया गया है ।

श्री अजीत जोगी : यूरेनियम का भी बतला दीजिए ?

श्री बलराम सिंह यादव : जहां तक आपने जो शंकायें जाहिर की हैं कि जो हम यहां पर विदेशी कम्पनियों को एलाउ कर रहे हैं और उससे आपको खतरा है तथा अभी जो हमारी माननीय सदस्या ने कहा कि इससे विदेशियों का कब्जा हो जाएगा इस देश के ऊपर या मिनरल्स वैल्थ के ऊपर, तो मैं कहना चाहूंगा कि अपने दिमाग में वह शंका बिल्कुल निकाल दें कि कोई भी विदेशी कम्पनी जो टैक्नोलोजी के साथ, इवेस्टमेंट के साथ भारत के अंदर आएगी, तो वह हमारे जो कानून हैं वह कम्पनी उन कानूनों के गवर्न होगी। हमारा जो कंपनीज एक्ट है, कंपनी ला है, वह उन पर लागू होगा । हमारी पार्टी . . . . .

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : कौन-सा कानून लागू होगा ? इतना बता दें कि कंपनी ला का कौन-सा सेक्शन लागू करेगा ?

श्री बलराम सिंह यादव : उनको कंपनी लॉ कानून के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराना पडेगा । हमारे कानून उन पर एप्लीकेबल होंगे . . . (*व्यवधान*)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : बताइए तो सही, कौन-सा कानून है ?

श्री बलराम सिंह यादव : कंपनी लॉ के अंतर्गत रजिस्टर होंगे तो उन पर हमारा कानून लागू होगा । इसलिए यह आशंका निकाल दीजिए . . . (*व्यवधान*)

SHRI V NARAYANASAMY (Pondicherry): He is not the Law Minister. He can't be expected *to* answer this.

THE DEPUTY CHAIRMAN: He has come with a Bill to convert this (MI*

nance. Let him answer the queries of the Members.

श्री बलराम सिंह यादव : आप विरोध के लिए विरोध कर रहें हो । मैं समझता हूं कि आप स्वतः इस बात को महसूस करते हैं कि यह बिल इस देश के मिनरल्स के विकास के लिए बहुत आवश्यक है । लेकिन आपको विरोध करना है इसलिए कर रहे हैं, आप हृदय से प्रसन्न हैं । मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश में जो इक्विटी पार्टिसिपेशन में आयेंगे तो हम आपको आश्वासन देना चाहते हैं कि किसी भी तरह से भारत को उससे नुकसान नहीं हो सकता है । उसका अहित नहीं हो सकता है । हमारे कानून...

उपसभापति : वह पूछ रहे थे कि कौन-सा कानून गवर्नमैंट का लागू होगा ...(**व्यवधान**)

श्री बलराम सिंह यादव : कंपनी ला जितने हमारे देश के अंदर लॉज हैं, उनमें वह गवर्न होंगे।...

THE DEPUTY CHAIRMAN: In this Bill, you have brought a lot of rrurreu'K which are going to be exploited..... (interruptions)

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra): Madam, we have a compre-iienive set of laws. All the companies are governed by the Company Law. And the companies which indulge in mineral activities are governed by the various Acts of the State Governments; the Ac;s which have been passed on the exploration of minerals. Apart from that, whatever these people, those who indulge in the exploration of minerals, do is also governed by the 'various Acts of the Government of India. For example, we have the Indian Explosives Act. . .*(Interruptions)* We have the Factories Act. . .*(Interruptions)*

उपसभापति : जवाब उन्हें देना है, सवाल उनसे किया है, आप बैठिए।... (**व्यवधान**)

SHRI VISHVJIT ?. SINGH: I am only supporting.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I know *you* are (upporting. The Members are concerned about one thing. Say, whentne country was occupied by the foreign forces, it was not that they were fond of us. they were fond of our resources. That is the reason why the Members are concerned. I am sure that all of you are concerned. The Minister should give that assurance. What safeguards *is* he going to give?

SHRI VISHVJIT P. SINGH: Madam, I may be permitted to say one thing. I think it is not fair that the mineral resources of the country should be allowed to be exported without proper finishing because, otherwise, we will not even get good prices for them abroad. We must get the proper international prices for our goods. And the only way we can get it is by indulging Is international competition. There is no other way. the only way we can indulge in international competition is when We have technology upgradation, and tech-nology upgradation is possible only with he entry of these companies. There is noother way.. .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, are you replying on behalf of the Minister? She expects the Minister to say a!! these thing.;.. Your assurance will have no meaning. The Minister's assurance has a meaning.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: This is not my assurance. This is purely my view point.

श्री बलराम सिंह यादव : महोदया कमला सिन्हा जी ने यह कहा है कि शैड्यूल एक में जो मिनरल्स हैं उनको और तमाम सभी मिनरल्स को निकाल कर राज्य सरकारों को दे दिया जाए । महोदया ऐसा हो नहीं सकता इसलिए कि ये जो मिनरल्स शेड्यूल एक में हैं इनमें बहुत से स्ट्रेटेजिक मिनरल्स हैं । इनमें से बहुत से राष्ट्रीय महत्व के मिनरल्स हैं । इसलिए सभी मिनरल्स को राज्य सरकारों को सीधे स्वीकृत करने के लिए नहीं दिया जा सकता ।

जहां तक सरकार का प्रश्न है, हमने फसला लिया है कि जो हमारे पास शेड्यूल-1 में मिनरल्स हैं उनमें से हम स्वतः ही बहुत से राज्य सरकारों को उनकी मांगे बिना देने जा रहे हैं । इन्होंने जो रायल्टी के बारे में कहा है तो यह रायल्टी वजन के आधार पर तय न हो कर मूल्य के आधार पर तय होना चाहिए । मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि पहले रायल्टी जो है मूल्य के आधार पर ही तय हुआ करती थी लेकिन अनुभव के आधार पर ऐसा हुआ कि इसमें बहुत से लिटिगेशंस हो गए और सभी राज्य सरकारों ने एक मत से केंद्रीय सरकार से यह आग्रह किया कि रायल्टी मूल्य के आधार पर तय न करके इसको वजन के, मात्रा के आधार पर तय किया जाए । तब से मात्रा के आधार पर रायल्टी का सिस्टम चल रहा है । मैं समझता हूं जब राज्य सरकारों की तरफ से कोई मांग इस तरह की नहीं है तो यह करना उचित नहीं है । मैं समझता हूं इसमें सारे विभागों को और सारे राज्य सरकारों की राय ली जा चुकी है इसलिए कोई कंटरोवर्सी का प्रश्न नहीं है । माननीय सदस्य ने कुछ टेक्नीकल रिसर्स वगैरह वगैहरा की काफी बातें कहीं हैं । उन्होंने कहा कि कोर्ट में इसकी सुनवाई हो ऐसा है कि आपको शायद समझ में नहीं आया जो मैं अमेंडमेंट लाया हूं इस एक्ट के अंदर । मैंने एक्ट में अमेंडमेंट यह रखा है कि जो माइनर मिनरल्स स्टेट गवर्नमेंट के अधिकार क्षेत्र में हैं, उन माइनर मिनरल्स में जो डिस्प्यूट होते थे उसकी अपील हमारे यहां जो ट्राइब्युनल्स हैं गवर्नमेंट आफ इंडिया के अंदर उसमें अपील हो सकती थी । हमने महसूस किया कि जब हम राज्य सरकारों को अधिकार दे ही रहे हैं, माइनरल मिनरल्स जो उनके अधिकार क्षेत्र में हैं क्यों न हम इन्हीं के अपील वगैरह का राइट्स उनको ही दे दें । इसलिए उनको अपील का अधिकार जो है या जो डिस्प्यूट हो वह अपने यहां ही तय करें, केंद्र में यहां पर भागने की जरूरत नहीं है, इससे समय की बर्बादी ही है । यह तमाम संशोधन बहुत सोच-समझ कर राष्ट्र के हित में, खनिज के विकास के हित में लाए गए हैं । मैं अपील करूंगा यह कृपा करके अपना निरनुमोदन का प्रस्ताव वापस ले लें और सदन से निवेदन करूंगा कि वह इस हमारे संशोधन को पास कर दें ।

उपसभापति : आपने पार्ट-बी के बारे में नहीं कहा

It is very important. There have been allegations that some atomic minerals have been stolen. You have not answered that.

श्री बलराम सिंह यादव : महोदया यह जो अटोमिक मिनरल्स होते हैं यह एम एम आर डी एक्ट के मेजर मिनरल्स के शैडयूल्स-एक में आते हैं । इस संबंध में मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जो अटोमिक अनर्जी से संबंधित मिनरल्स होते हैं उनका संबंध मिनिस्ट्री आफ माइन्स से नहीं है । (व्यवधान)

उपसभापति : आपके अंडर में नहीं है तो आप क्यों लायें ?

If it is not under your jurisdiction, then why is it included under this?

श्री बलराम सिंह यादव : यह शेडयूल्स एक में है . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Why there is concern is because we have our neighbours who have got the capability to produce atomic weapons and they may try to steal these.

श्री बलराम सिंह यादव : मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि मिनिस्ट्री आफ माइन्स . . .

There is no nomenclature in ithe Government of India as the Ministry of Atomic Energy.

श्री बलराम सिंह यादव : मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि मिनिस्ट्री आफ माइन्स जो है यह नान अटोमिक, नान फैरस मिनरल्स को डील करती है और सब दूसरी मिनिस्ट्री करती हैं। वह अटोमिक एनर्जी मिनिस्ट्री . . .

उपसभापति : मिनिस्ट्री नहीं डिपार्टमेंट ।

श्री बलराम सिंह यादव : मैं आपसे निवेदन करूंगा कि शैडयूल्स-एक के अंदर अटोमिक एनर्जी से संबंधित मिनरल्स हैं । अभी हमने जो मिनरल्स पालिसी लिबरलाइज की है जिसमें करीब 13 मिनरल्स जो पब्लिक सैक्टर के लिए सुरक्षित थे उनको मिनी क्षेत्र के लिए खोला है । तो खासतौर से क्योंकि यह अटोमिक मिनरल इसलिये जो मिनरल पालसी है उसमें भी हमने इसक रिजर्वेशन रखा है कि इसको किसी प्राइवेट को नहीं दिय जा सकता है । डिपार्टमेंट आफ अटोमिक एनर्जी से इसक ताल्लुक है ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: But these minerals will not be given to foreign companies.

श्री बलराम सिंह यादव : नहीं नहीं दिया जा सकत है

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is not written anywhere.

श्री बलराम सिंह यादव. मैंने आपको बताया है कि इसको हमने प्राइवेट एक्सप्लाइटेशन के लिये नहीं खोला है।

श्री ए स० एस० अहलुवालिया हो गया, हो गया ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Ho gaya is all right but it is. not written anywhere.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : खास तौर से अहलुवालिया जी से निवेदन करूंगा कि वे हर चीज को हल्के ढंग से न लें। हो गया हो गया चिल्लाने से कुछ नहीं होगा । आप बात सुनिये ।

महोदय, मैं मंत्री महोदय के उत्तर से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हूं । इसका कारण यह नही है कि हम लोग इसका यो ही विरोध कर रहे हैं मैंने बार बार पूछा था कि आप कंपनी ला का बता दीजिये आपके एक्सपर्ट बैठे हुए हैं लेकिन आपने इसका कोई जवाब नहीं दिया । मैं पढ़कर सुनाता हूं जो डिलिट करना चाहते हैं । इंडियन सिटिजन की जो परिभाषा है जिस पर रुकावट थी जो वह है वह पढ़िये । भारद्वाज जी, ला मिनिस्टर है वे समझेंग । . . . . (व्यधान) . . . . रजिस्ट्रशन क्या थी ।

SHRI V. NARAYANASAMY: *Pot* explosives, there is a separate enacmeot.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, it is not for explosives.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (SHRI STKANDER BAKHT): He is taking it too lightly.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: About Indian citizen, it is written here and I quote: "In case of a public company as defined in the Companies Act, 1956, only if the majority of directors of the company are citizens of India and unless 60 per cent of the share capital thereof is held by persons who are either citizens of India or companies defined in such Act" Then, "(2) In the case of a private company, as defined in the said Act, only if all the members of the company are citizens of India..."

आप इसको डिलिट कर रहे हैं । इंडियन सटिजन का आपने जो बताया, कंम्पनी ला में, जिसकी मैं बत कर रहा हूं यह उसमें लिखा है . . . (व्यवधान) . . शोर मचाने का यह कोई तरीका नहीं । अलुवालिया जी जरा ढंग से बात करें । खामखवाह शोर मचाने का काम न करें ।

उपसभापति माथुर साहब, झगड़ा न करिये । कोई भी चीज लड़ाई गुस्से से नहीं सुलझ सकती है झगड़े गुस्सा मत करिये गुस्सा करने से बात नहीं सुलझती । आप सवाल पूछ लीजिये, मंत्री जी जवाब देगें बोलिये, गुस्सा मत करिये ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मंत्री जी पहले खड़े हो गये, मुझे पहले पूरी बात कहने दीजिये । मंत्री जी बैठिए, मुझे पूरी बात कहने दीजिये ।

श्री बलराम सिंह यादव : आप जो कह रहे हैं.....

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : अजीब तरीका है यह ।

